एक नजर में

सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

सोयतकलां, 5 जनवरी. भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा नगर परिषद सोयतकलां में सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप आयोजित किया गया. कैंप में 35 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें से शारीरिक मापदंडों के आधार पर 9 युवाओं का चयन किया गया. कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि आगामी भर्ती कैंप 6 जनवरी सुसनेर, 7 जनवरी नलखेड़ा, 8 जनवरी बडौद एवं 9 जनवरी आगर मालवा में सुबह 11 से शाम 3 बजे तक आयोजित होंगे. चयनित युवाओं को जयपुर में एक माह का प्रशिक्षण देकर 14,000 से 25,000 रुपये वेतन पर स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, बीमा व पदोन्नति की सुविधाएं मिलेंगी. इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं पास,आयु 19 से 40 वर्ष व न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी के साथ आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित स्थानों पर उपस्थित हो सकते है.

आरोही का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

शुजालपुर, 5 जनवरी. मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम मे शुजालपुर की बालिका आरोही रायकवार का हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ. बताया जाता है कि 69वीं राष्ट्रीय एसजीएफ आई हैडबॉल मिनी बालक व बालिका प्रतियोगिता 5 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित हो रही है. इस प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश हैंडबॉल टीम भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने जा रही है. प्री-नेशनल कैंप 29 दिसम्बर से 3 जनवरी 26 तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कुक्षी में आयोजित किया गया. 4 जनवरी को कुक्षी से चितौड़गढ़ के लिये मध्य प्रदेश टीम रवाना हुई.

पंचायत उप निर्वाचन परिणाम की घोषणा

सोयतकलां, 5 जनवरी. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई. जिला पंचायत आगर मालवा के वार्ड क्रमांक 1 सुसनेर में सदस्य पद के लिए कालू सिंह सिसोदिया को विजयी घोषित किया गया. जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने नवनिर्वाचित सदस्य को प्रमाण पत्र प्रदान किया. इस अवसर पर निर्वाचन प्रेक्षक पीके वर्मा, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी व निर्वाचन शाखा से जुड़े कर्मचारी पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह चौहान, सज्जनसिह कलारिया व कर्मचारी मौजूद थे.

प्रकृति के दुश्मन पाउच, पन्नी, पॉलीथिन के नारे लगाए

शुजालपुर, 5 जनवरी. जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत की भावना के साथ युवा दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई तथा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली में एनएसएस, एनसीसी एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों ने शामिल होकर प्रकृति के दुश्मन पाउच, पन्नी, पॉलीथिन, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत जैसे नारे लगाते हुए आमजन को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. रैली के उपरांत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई. प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग है. युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है. उन्होंने पॉलीथिन एवं प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इनके प्रयोग से बचने का आह्वान किया. बता दें यह कार्यक्रम विवेकानंदजी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह 5 जनवरी 2026 से 12 जनवरी तक मनाया जा रहा है. कार्यक्रम में डॉ. प्रवीणा धारीवाल, डॉ. राजा रानी खुराना, रेड क्रॉस प्रभारी पूजा सांखला, संगीता सोनी, डॉ. संजय प्रजापति, डॉ. दीपशिखा सक्सेना, डॉ. किशोर विश्वकर्मा, इंदु व्यास, उमेश पांडे आदि मौजूद रहे. सभी ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लिया.

प्रदेश कार्य समिति बैठक में शामिल हुए कर्मचारी

शुजालपुर, 5 जनवरी. राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक दतिया में हुई, जिसमें नवीन शैक्षणिक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों के प्रस्ताव पारित हुए. इस बैठक में क्षेत्र से भी कर्मचारी शामिल हुए. संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि राज्य कर्मचारी संघ की 3 व 4 जनवरी को आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त किए गए नवीन शैक्षणिक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का प्रस्ताव पारित किया गया तथा इस संकल्प को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है. प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने मांग प्रमुखता से रखी, जिसमें राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त हुए नवीन शैक्षणिक संवर्ग के सेवावधि की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से हो का सम्पूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से समर्थन किया. राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह ने मंच पर उपस्थित कार्यक्रम के अतिथि पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष उक्त संकल्प को दोहराते हुए सरकार से लक्ष्य पूर्ति में सहयोग की अपील की. मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव एवं महामंत्री जितेन्द्र सिंह द्वारा इस मांग को पूर्ण करवाने का संकल्प मां पीतांबरा को साक्षी मानते हुए किया. कार्यसमिति बैठक में राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, संभागीय सचिव गौरव सक्सेना, संभागीय कोषाध्यक्ष परसराम कापड़िया, पशुपालन समिति प्रदेश संयोजक शशिमोहन राजपूत, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, रामसिंह बनिहार, हरीश चौहान, अशोक मालवीय, राकेश पाठक आदि शामिल थे.

राजस्व विभाग मंत्री आज जिले में

शाजापुर, 5 जनवरी. प्रदेश के राजस्व विभाग मंत्री करण सिंह वर्मा 6 जनवरी 11.30 बजे ग्राम अरनियाकलां पहुंचेंगे. वे अरनियाकलां आकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. इसके उपरांत वे दोपहर 12 बजे अरनियाकलां से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे भोपाल पहुंचेंगे.

पानी में आग लगाकर, नींबू से खून निकालकर किया अचंभित

शाउमावि में जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझाना आसान है विषय पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

शाजापुर, 5 जनवरी. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझाना आसान है, विषय पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह शिप्रे एवं सहायक परियोजना समन्वयक ओमप्रकाश पाटीदार उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य हेमेन्द्र यादव ने की.

कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि इस विज्ञान मेले में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित बच्चे अपने मॉडल व नाटिका लेकर उपस्थित हुए. इस दौरान शुजालपुर से मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र परमार, मोहन बड़ोदिया से राधेश्याम लववंशी कालापीपल से गोविंद पाटीदार हुए.

आकर्षक विज्ञान मॉडल एवं विज्ञान नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दी

कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके अवस्थी ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान प्रयोगों के माध्यम से अंधविश्वास को दूर करना है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक विज्ञान मॉडल एवं विज्ञान नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक तथा कथित जादू के पीछे विज्ञान का तर्क और सिद्धांत छिपा होता है.

मूल्यांकन निर्णायक मंडल में ये रहे

विज्ञान नाटिका का मूल्यांकन निर्णायक मंडल रविकांत त्रिपाठी, श्रीमती नमिता पटेरिया, गोविंद पाटीदार और विज्ञान मॉडल सियाराम पाटीदार एवं राहुल जाखड़, राधेश्याम सूर्यवंशी द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम का संचालन माखनलाल धानुक द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति रिणवा द्वारा किया गया. इस अवसर पर नितीन मालवीय, अनवर खान, श्रीमती विजया सक्सेना, श्रीमती ज्योति धाकड़, सुश्री श्वेता चौहान, श्रीमती शीतल श्रीवास्तव, प्रेरणा तोमर, रितेश शर्मा, सुयश तोमर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

सीएम राइज के गौरव में पाया प्रथम स्थान...

शुजालपुर, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जादू नहीं विज्ञान है समझना समझना आसान है, अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शा उत्कृष्ट उमावि शाजापुर में हुआ. प्रतियोगिता में विकासखंड शुजालपुर के छात्र गौरव सिह केलवा मां शारदा सांदीपनी सीएम राइस शुजालपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विज्ञान नाटिका में प्रतिज्ञा राजपूत व प्रतिज्ञा सिसोदिया शाउमावि अमलाय व अंजली धनगर, निशा कटारिया, लक्ष्मी बड़ोदिया शा हाईस्कूल भ्याना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर उनके मार्गदर्शन शिक्षक राघवेन्द्र परमार, जनार्दन शर्मा, सुशीला मालवीय आदि को जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.

कार्रवाई की मांग पर अड़ा किसान संघ, मंडी में दिया धरना

मामला फल सब्जी मंडी में किसान के साथ मारपीट का, मंडी में घोष विक्रय नहीं हुआ

शुजालपुर, 5 जनवरी. कृषि उपज मंडी समिति द्वारा संचालित सिटी स्थित फल सब्जी मंडी में दो दिवस पूर्व हुई किसान के साथ मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया, इस मामले को लेकर जहां रविवार को अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए, वहीं सोमवार को किसान संघ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सब्जी मंडी में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. इस प्रदर्शन के चलते फल सब्जी मंडी में सोमवार को घोष विक्रय नहीं हो सका.

धरने पर बैठे किसान संघ के पदाधिकारियों को मनाने और समझाने पहुंचे एसडीओपी निमेष देशमुख से चर्चा के बाद भी धरना समाप्त नहीं हुआ. सोमवार की सुबह शुरू हुआ यह धरना शाम तक जारी था और मंडी में कही धरने पर बैठे किसानों ने अपना भोजन बनवाया. बता दें 2 जनवरी को लहसुन प्याज की नीलामी के दौरान किसान व एक व्यापारी के मध्य विवाद हो गया था, जिसके चलते मारपीट की घटना हुई थी और किसान को सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद उक्त किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. सिटी पुलिस ने पवन पिता मदनसिंह मेवाड़ा निवासी अख्त्यारपुर की शिकायत पर व्यापारी सुजान सिंह व अन्य के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की थी. इस घटना के बाद से ही आरोपियों की गिरफ्तारी तथा संबंधित व्यापारी का लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग उठाई जा रही है. इसी को लेकर सोमवार को यह धरना प्रदर्शन प्रारंभ हुआ. भारतीय किसान संघ के चंदरसिंह सिसोदिया ने कहा कि जब तक मारपीट करने वाले व्यापारी के विरूद्ध नियमसंगत कानूनी धाराएं नहीं लगाई जाती और संबंधित का लायसेंस निरस्त नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा. इस धरना प्रदर्शन के दौरान किसान संघ पदाधिकारियों ने शुजालपुर तहसीलदार को हटाए जाने की भी मांग की. उधर कृषि उपज मंडी प्रभारी सचिव प्रवीण सिसोदिया ने बताया कि मंडी में हुई मारपीट के मामले में पुलिस में प्रकरण दर्ज हो चुका है, साथ ही मंडी प्रशासन ने मारपीट में शामिल व्यापारी की आईडी बंद कर आगामी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, धाराएं बढ़ाने और अन्य कार्यवाही करना पुलिस का काम है, मंडी समिति की और से जो उचित था वह किया जा चुका है.

मंडी में धरने पर बैठे किसान

काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश

शाजापुर, 5 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर सुश्री बाफना ने जल जीवन मिशन अंतर्गत 36 योजनाओं में से 30 पूर्ण योजनाओं को तत्काल हस्तातंरित करने एवं 6 प्रगतिरत योजनाओं को 10 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर सुश्री बाफना ने हस्तातंरण एवं पूर्ण नहीं होने वाली योजना के ठेकेदार जिनमें - मेसर्स श्री इंटरप्राईजेस, मेसर्स शार्प एजेंसी, मेसर्स राधिका डेवलपर्स, मेसर्स धतरी इन्फ्रा, मेसर्स गौरव ट्रेडर्स, मेसर्स कष्टभंजन, मेसर्स मोहित बिल्डकॉन, मेसर्स टीसी बिल्डटेक, मेसर्स राज इंटरप्राईजेस, मेसर्स जल इन्स्टूमेंट्स, मेसर्स ओम साईनाथ, एसएस इंटरप्राईजेस, मेसर्स एसबी सिंह, मेटल इन्फ्रा एवं बीआरडी सिक्यूरिटी आदि को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिए. साथ ही कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हो चुकी योजनाओं को हस्तांतरित करने एवं प्रगतिरत योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं करने पर कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर वेतन रोकने के निर्देश दिए. साथ ही कलेक्टर ने हैण्डपंपों के आसपास साफ-सफाई करने, पेयजल के नमूनों की लेब में जांच करने एवं क्लोरीनेशन का कार्य करवाने के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री केएस डामोर, सहायक यंत्री, उपयंत्री शाजापुर व शुजालपुर एवं ठेकेदार उपस्थित थे.

गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक आयोजित

शाजापुर, 5 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के आयोजन की तैयारियों संबंध में बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में निकाली जाने वाली झांकियों को महत्वपूर्ण योजनाओं की नई थीम पर तैयार करने के निर्देश दिए.

साथ ही कलेक्टर सुश्री बाफना ने 25 एवं 26 जनवरी 2026 को सभी शासकीय कार्यालयों के भवनों पर सांयकाल रोशनी करने, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र व्यक्ति से ही ध्वजारोहण कराएं. सरपंच की अनुपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव ध्वजारोहण करें. बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंकिता पाटकर ने गणतंत्र दिवस 2026 पर कार्यक्रमों के आयोजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दायित्वों से अवगत कराया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर एवं गुलाना आलोक वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

तीन बदमाशों ने मंदिर का ताला तोड़ दानपेटी निकाली

शहर के प्रमुख चौराहे पर हुई वारदात, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ मामला

शुजालपुर, 5 जनवरी. मंडी क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर स्थित रोकड़िया हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखी दानपेटी तीन बदमाशों ने निकाली. यह घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को हुई.

बदमाशों ने पहले मंदिर के चेनल गेट का ताला तोड़ा और अंदर से दानपेटी उठाकर साइड में रखी तथा इसे तोडकर अंदर रखी दान राशि निकालने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्ले में ही रहने वाले चेतन शाह के जाग जाने व चिल्लाने पर तीनों बदमाश रेलवे की ओर भाग गए. इन बदमाशों में से कुछ ने पहचान छुपाने के लिए चेहरा कपड़े से ढांक रखा था. जन-जन की आस्था के केन्द्र रोकड़िया सरकार मंदिर में हुई इस घटना को लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है. यह घटना रात्रि 3.30 से 4 बजे के मध्य हुई, जिसका घटनाक्रम सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ. पुलिस ने फरियादी पुजारी मिश्रीलाल शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया. पुलिस को फरियादी ने बताया कि बदमाश दानपेटी का ताला नहीं तोड़ पाए, वे प्रयास कर रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाले की आवाज सुनकर फरार हो गए.

बदमाश रेलवे की ओर भाग गए. इन बदमाशों में से कुछ ने पहचान छुपाने

एक नजर में

समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

सभी नगरीय निकाय पानी का नमूना लेकर जांच करवाएं : कलेक्टर

शाजापुर, 5 जनवरी. सभी नगरीय निकाय पेयजल वितरण के अंतिम छोर से पानी के नमूने लेकर जांच करवाएं. उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज सम्पन्न हुई विभागीय समन्वय एवं समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकाय पेयजल वितरण के अंतिम छोर से पानी के नमूने लेकर जांच करवाएं. साथ ही जिस किसी वार्ड एवं घरों में खराब पानी की शिकायत मिलती है, तो तत्काल पानी का सेम्पल लेकर जांच करवाएं. कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को जिले की बड़ी ग्राम पंचायतों में वितरित किए जा रहे पेयजल का सेम्पल लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लेब से जांच कराने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को जलजीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण हो चुकी जलजीवन मिशन की नलजल योजनाओं को हस्तांतरित करने एवं अपूर्ण नलजल योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए.

रेफरल प्रकरणों की समीक्षा की

कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, गर्भवती माताओं की समग्र ईकेवायसी कराने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने रेफरल प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की. कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला परियोजना समन्वयक को मिशन अंकुर अंतर्गत लापरवाही करने वाले जनशिक्षक एवं शिक्षकों पर कार्रवाई करने एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सांदीपनि विद्यालय में कक्षाएं संचालित करवाने के निर्देश दिए.

फैल ट्रांजेक्शन की सूची बनाएं

कलेक्टर ने मंडी सचिव एवं उपसंचालक कृषि को फार्मगेट के माध्यम से किसानों की फसलों को विक्रय करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने तथा फार्मगेट के संबंध में प्रचार-प्रसार करने तथा भावांतर भुगतान योजना के तहत फैल ट्रांजेक्शन की सूची तैयार करने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने व ईकेवायसी करने एवं राजस्व अधिकारी व थाना प्रभारी के साथ सड़क सुरक्षा समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा 85 के प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को वसूली करने, सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, जनपद पंचायतों के सीईओ को छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण कर जांच करने निर्देश दिए.

...तो होगी एफआईआर

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जलजीवन मिशन के सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मापदण्ड अनुसार पूर्ण कराएं, किये जा रहे कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही एवं गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कराएं. साथ ही उन्होंने जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने एवं पीएमजीएसवाय के अधिकारी को बिना अनुमति सड़कों को तोड़ने वाली एजेंसियों पर एफआईआर की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये.

गीता भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन करें...

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को पीएम स्वनिधि के ज्यादा से ज्यादा प्रकरण बैंकों में लगाने एवं गीता भवन निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए. उन्होंने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सीईओ को एक बगिया मां के नाम प्रगति लाने तथा जल कर की बकाया राशि वसूली करने के निर्देश दिए. साथ ही जनपद पंचायतों के सीईओ को शिविर लगाकर छूटे हुए हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने तथा अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को पूर्ण कराने तथा निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों का नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए.

अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अजहर जिला बदर

शाजापुर, 5 जनवरी. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लालघाटी थाना ज्योति नगर निवासी 28 वर्षीय अजहर पिता मुश्ताक खां को एक वर्ष के लिए जिलाबदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए हैं. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें.

शीतलहर : आठवीं तक के लिए 6 जनवरी तक अवकाश

सोयतकलां, 5 जनवरी. जिले में शीत ऋतु के दौरान तापमान में आई अत्यधिक गिरावट को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा जिले में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए 5 एवं 6 जनवरी का अवकाश घोषित किया है. कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार यह अवकाश जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय, आंगनवाड़ी, सीबीएसई सहित सभी बोर्ड से संबद्ध शैक्षणिक संस्थाओं में लागू रहेगा.